**प्रेस नोट**

**सराहनीय कार्य कानपुर देहात**

**दिनांक- 06.11.2025**

- **थाना अकबरपुर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान चोरी की घटना को अंजाम देने वाले गिरोह के सदस्यों में से 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**
- **अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल व 01 देशी तमंचा 315 बोर एवं 02 जिन्दा कारतूस हुए बरामद।**

कृपया अवगत कराना है कि जनपद कानपुर देहात पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना अकबरपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 06.11.2025 को समय करीब 03.20 बजे थाना क्षेत्रान्तर्गत नबीपुर से झाड़ी बाबा रोड से 01 वाहन चोर अमजद उर्फ हसनैन पुत्र रफीक उर्फ महजूम निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर हाल पता मटियामऊ थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात को 02 चोरी की मोटर साइकिल व 01 मोबाइल एवं 01 देशी तमंचा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार एवं बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 502/2025 धारा 317 (2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को नियमानुसार माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-**

1. अमजद उर्फ हसनैन पुत्र रफीक उर्फ महजूम उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम जगदीशपुर थाना शिवराजपुर जनपद कानपुर नगर हाल पता मटियामऊ थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-**

1. मु0अ0सं0 502/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अकबरपुर जनपद कानपुर देहात।

**अभियुक्त अमजद उर्फ हसनैन उपरोक्त से पूछताछ का विवरण-**

अभियुक्त से बरामद 02 मोटर साइकिल के सम्बन्ध में पूछा गया तो टाल मटोल करने लगा। जिससे सख्ती से पूंछताछ की गयी तो बताया कि यह दोनों बाइक चोरी की है तथा तमंचा डराने धमकाने के लिये रखते है। आज हम व शहवाज इन गाड़ियो से चोरी की तलाश में घूम रहे थे। तभी आप लोगो को देख कर डर गये और भागने का प्रयास किया तब तक आपने पकड़ लिया और शहवाज भागने में सफल रहा।

**बरामद मोटरसाइकिल का विवरण-**

1. मोटर साइकिल हीरो होण्डा ग्लैमर रंग पीला चेसिस नं0 MBLJA06EUBGL15242 तथा इंजन न0 BGL16684 रजिस्ट्रेशन न0 UP78CP9772।
2. मोटर साइकिल हीरो पैशन प्रो रंग काला चेचिस न0 MBLHAW01XKHG15402 व इंजन नम्बर HA10ACKHG65401 रजिस्ट्रेशन नम्बर UP71AM3480।

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

थाना अकबरपुर पुलिस।